Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University Gorakhpur

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 16, February

Dainik Jagran

शोध के लिए 'रिसर्च एथिक्स एवं प्लेगरिजम' कोर्स अनिवार्य

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पीएचडी अभ्यादेश व राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन के क्रम में गोरखपुर विश्वविद्यालय व उससे संबद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के शोधार्थियों के लिए रिसर्च एथिक्स एवं प्लेगरिजम कोर्स को अनिवार्य किया है। डी पीएचडी कोर्स के अंतर्गत संचालित होने वाले इस कोर्स के लिए दो क्रेडिट निर्धारित किए गए हैं। यह कोर्स स्वयं (स्टडी वेब्स और एक्टिव लर्निंग फार यंग एस्पायरिंग माइंड्स) पोर्टल पर उपलब्ध है। इस कोर्स के पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शोधार्थियों को अनुसंधान में

उच्च नैतिक मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए रिसर्च एथिक्सकेएन एथिक्स चतुरक्रम पूरा करना आवश्यक है। यह प्रविधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें शोध की गुणवत्ता, अनुसंधान नैतिकता और प्लेगरिजम निवारण पर विशेष बल दिया गया है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन ने यूजीसी नियमों का पालन करते हुए रिसर्च एथिक्स एवं प्लेगरिजम कोर्स को अपनाने का निर्णय लिया है। प्रो. पूनम टंडन कुलपति ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसंधान संबंधी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय अपने शोधार्थियों के लिए नैतिक अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्ध है। पीएचडी अध्यादेश के अनुसार शोधार्थियों को उच्च मानकों को सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान प्रक्रिया में नैतिक मूल्यों एवं प्लेगरिजम निवारण के महत्व को समझने में सक्षमक होना। शोधार्थियों को नैतिकता एवं प्लेगरिजम निवारण पर विशेष समग्र पर कोर्स के पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

डीडीयू में पीएचडी के लिए आवेदन शुरू, 1173 सीटों पर होगा प्रवेश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 की शोध पात्रता परीक्षा (रेट) के लिए आवेदन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इसकी अंतिम तिथि पांच मार्च है।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ किया। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष सिन्हा ने बताया कि इस बार ऐसे सभी अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे जिन्होंने वर्ष 2024 तक पात्रताक्रम उपाधि प्राप्त कर ली है।

विभिन्न विषयों में रिक्त 1173 सीटों के लिए मार्च के अंतिम सप्ताह में परीक्षा आयोजित की जाएगी। परिसर की 495 पूर्णकालिक और 38 अंशकालिक सीटों के अलावा संबद्ध महाविद्यालयों में उपलब्ध 640 सीट आवेदन के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि परिसर और संबद्ध

पांच मार्च है ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि

आवेदन की अर्हता

पीजी में 55 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले ही रेट-2024-25 के लिए आवेदन कर सकेंगे। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए पांच प्रतिशत की छूट होगी। जेआरएफ और पेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के दौरान भारांक मिलेगा। विदेशी अभ्यर्थियों को शुल्कमुक्तिक कोटे से सीधा प्रवेश मिल सकता।

विश्वविद्यालय ने चौदे वर्ष शोध के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धि और पहचान हासिल की है। उम्मीद है शोध पत्रका परिषद से विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों को नेचर शीर्षकों मिलेंगे। – प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

राजकीय एवं अनुमोदित महाविद्यालयों के सेवारत शिक्षकों के लिए 10 प्रतिशत सुपर न्यूमेरिक सीटों पर प्रवेश का प्रावधान किया गया है।

Amar Ujala/Select

डीडीयू में पीएचडी के लिए आवेदन शुरू

1173 सीटों पर होगा प्रवेश, विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर के लिए परीक्षा 28 फरवरी तक

डीडीयू में सम सेमेस्टर के लिए 28 तक जमा करें शुल्क

गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में सम सेमेस्टर में पंजीकरण और शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ा दी गई है। पहले 15 फरवरी तक पोर्टल खोला गया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस तिथि को 28 फरवरी तक विस्तारित कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 28 फरवरी के बाद पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थी अपनी लॉग-इन से शुल्क जमा करेंगे। वहीं संबद्ध महाविद्यालय के छात्रों का शुल्क महाविद्यालयों के लॉग-इन से जमा किया जाएगा। ब्यूरो

डीडीयू: महिला क्रिकेट टीम का चयन 19 को

गोरखपुर। केआईआईटी, भुवनेश्वर में नौ मार्च से आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट (महिला) प्रतियोगिता 2024-25 के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की टीम का चयन 19 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से विश्वविद्यालय क्रीड़ांगन में होगा। क्रीड़ा परिषद सचिव डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने की इच्छुक छात्राएं हाईस्कूल से अब तक के सभी मूल अंकपत्र, शुल्क रसीद, आधार कॉर्ड, एक फोटो, परिचय पत्र और महाविद्यालय के प्रतिभागी प्राचार्य की ओर से लिखित अधिकार पत्र के साथ निश्चित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहें। ब्यूरो

Hindustan

अपनी विरासत को संरक्षित करना होगा

गोविवि

- डीडीयू के छात्रों के प्रतिभा निखार में स्थापित इंडियन वाटिका
- विरासत जानने है तभी संरक्षित कर सकेंगे : प्रो. रामवीर राव

डीडीयू के प्रांगण इंडियन विरासत में पौधरोपण करती कुलपति प्रो. पूनम टंडन।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी तो खुशहाल होगा परिवार : कुलपति

किसान चौपाल आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि डॉ. रामगोपाल

महिलाओं के विकास से ही विकसित होगा देश: वीसी

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन।
- कार्यक्रम में मौजूद महिला किसान।

मुशायरे ने गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा दिया

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में हीरक जयंती समारोह के तहत शनिवार को तमसीली मुशायरे का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उर्दू के ख्यातिलब्ध कवियों एवं कवित्रियों की रचनाओं की भावपूर्ण प्रस्तुति दी।

विभागाध्यक्ष प्रो. एमआर रहमान ने कहा कि ऐसे आयोजन से हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरेगी। उर्दू मुशायरों ने देश में गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा दिया है। जरूरत इस बात की है कि इस परंपरा को और मजबूत किया जाए। सहायक आचार्य डॉ महबूब हसन ने कहा कि तमसीली मुशायरा अभिनय का आर्ट है। डॉ साजिद हुसैन अंसारी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से छात्र-छात्राओं के अंदर साहित्य के प्रति रुचि बढ़ेगी। इसमें सलमान, संजू वर्मा, रिशवा खातून, उम्मे हानी, सिमरन अंसारी, मुहम्मद अयान आदि ने भाग लिया।

डीडीयू में शोध पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

गोरखपुर, निज संवाददाता। गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 की शोध पात्रता परीक्षा (रेट) के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शनिवार से प्रारंभ हो गई। इस बार ऐसे सभी अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे, जिन्होंने वर्ष 2024 तक परास्नातक उपाधि प्राप्त कर ली हो। अभ्यर्थी 5 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन फॉर्म डीडीयू के प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने शनिवार को रेट-2024 की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। कहा कि हम अपने शोध योगदान को और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 5 मार्च है।

05 मार्च आवेदन की अंतिम तिथि, अंतिम हपते में होगी प्रवेश परीक्षा

केमिस्ट्री में सर्वाधिक 130 सीटें

केमिस्ट्री में सर्वाधिक 130 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। इसी तरह हिन्दी में 96, जूलॉजी में 79, एजुकेशन में 78, समाजशास्त्र में 72, कृषि संकाय के विभिन्न विषयों में 64, बॉटनी में 63, राजनीतिशास्त्र में 59, कॉमर्स में 51, भूगोल में 50, अंग्रेजी में 48, मनोविज्ञान में 45, गणित में 42, संस्कृत 37, अर्थशास्त्र 33, प्राचीन इतिहास में 30, रसा अध्ययन व विधि में 29-29, सीटों पर प्रवेश होगा

Rastriya Sahara

विरासत को भावी पीढ़ी के लिए सहेजना जरूरी : प्रो. पूनम टंडन

कृषि क्षेत्र में नवप्रवर्तन होना चाहिए : कुलपति

Swatantra Chetna

1173 रिक्त सीटों पर शोध पात्रता परीक्षा को आवेदन प्रक्रिया शुरू

भावी पीढ़ी को सौंपने के लिए अपनी विरासत को संरक्षित करना होगा: प्रो पूनम टंडन

माता मुटान बंधेश्वरी महाविद्यालय में आयोजित हुई संगोष्ठी

विधि में शोध पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

वि.वि. प्राचीन इतिहास विभाग में 'विरासत वाटिका' स्थापित